आज दुनिया ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां नए अवसर और समस्याएं दोनों हैं। एक तरफ, हमारे पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल प्लेटफॉर्म, रोबोटिक्स और कंप्यूटिंग के क्षेत्र में बहुत अधिक तरक्की हुई है तो वहीं दूसरी ओर वैश्विक संघर्षों के कारण अस्थिरता पैदा हो रही है, जिससे शांति, स्थिरता और आर्थिक विकास को खतरा है, और फिर जलवायु परिवर्तन, जीवनयापन में लागत की बढ़ोतरी, खाद्य सुरक्षा की कमी, अपर्याप्त आजीविका और पिछले साल वैश्विक व्यापार में 1.2% की गिरावट जैसे मुद्दे भी हैं। भारत के पिछले केंद्रीय बजट में, सामाजिक आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए रोजगार, कौशल, एमएसएमई, बुनियादी ढांचे, ऊर्जा सुरक्षा और अगली पीढ़ी के सुधारों पर ध्यान केंद्रित करके इन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया गया है।

अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा है और मैं उसे फिर से दोहराता हूं - प्रत्येक कठिनाई के बीच में ही अवसर छिपा होता है।

यह बात हमारे देश पर पूरी तरह लागू होती है, जो वैश्विक उथल-पुथल और सप्लाई चेन व्यवधानों के बीच अवसरों का एक स्थल है, जो अमृत काल में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास के साथ दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों की रिपोर्ट और लेखापरीक्षित खातों के साथ लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां, जोकि पहले ही आपको भेजी जा चुकी हैं और आपकी अनुमति से, मैं उन्हें पढ़ा हुआ मानता हूँ। अब, मैं भविष्य की संभावनाओं के साथ-साथ वर्ष 2023-24 के दौरान आर्थिक परिदृश्य, क्षेत्रीय दृष्टिकोण और कंपनी की उपलब्धियों के बारे में संक्षेप में बताना चाहूँगा।

आर्थिक परिदृश्य:

विश्व आर्थिक परिदृश्य अप्रैल 2024 के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2023 में 3.2% की वृद्धि दर्ज की, जो 2022 में 3.4% से मामूली कम है। इस चुनौतिपूर्ण समय में, भारत पिछले वर्ष 8.2% जीडीपी वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में विकास की मिशाल है। इससे वैश्विक स्तर पर हम सम्मानित हुए है और यह हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले पांच वर्षों में विश्व जीडीपी में भारत 18% वृद्धि का योगदान दे सकता है, जो वर्तमान में 10% है। इसकी प्रति व्यक्ति जीडीपी वर्तमान में लगभग 2,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2030 तक 4,000 अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। भारत द्वारा हासिल किया गया आर्थिक परिवर्तन सरकार की दूरदर्शी नीतियों और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का प्रमाण है। यह उम्मीद की जाती है कि भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण और कुशल क्रियान्वयन के लिए पूंजी आवंटन निवेश, खपत और रोजगार के पथ को आगे बढ़ाएगा।

भारत में ग्लोबल सप्लाई चेन डाइवर्सिफिकेशन, डिजिटल क्रांति और हरित परिवर्तन से प्रमुख अवसर उभर रहे हैं। इसे पहचानते हुए, सरकार ने वैश्विक स्तर पर हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए पथ-प्रदर्शक सुधार और नीतिगत हस्तक्षेप जारी रखा है। इस संबंध में सरकार द्वारा की गई कुछ प्रमुख पहलों में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में वृद्धि, डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण, निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं, आत्मनिर्भर भारत लक्षित कल्याण व्यय, प्राथमिक स्तर पर लाभों का कुशल वितरण आदि शामिल हैं।

बड़े उपभोक्ता बाजार, प्रगतिशील नीतिगत पहल, अनुकूल जनसांख्यिकी, बढ़ती डिस्पोजेबल आय, तकनीकी संसाधनों के तालमेल ने भारत को विनिर्माण, सेवाओं और निर्यात के लिए ग्लोबल हब के रूप में विकसित करने में रुचि बढ़ाई है। इससे नई उम्मीदें और आकांक्षाएं जगती है और निकट भविष्य में भारत के विकास को बल शक्ति देंगी।

क्षेत्रीय दृष्टिकोण:

किसी देश की आर्थिक सेहत उसके बुनियादी ढांचे की दक्षता और मजबूती पर निर्भर करती है। आने वाले वर्षों में उत्पादन, खपत और वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी में वृद्धि के साथ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में वृद्धि की काफी संभावना है। बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, सड़क और रेल संपर्क में सुधार के साथ सागरमाला, भारतमाला और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं के साथ बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का ध्यान ट्रांजिट टाईम और लागत को कम करके इस क्षेत्र को बढ़ावा देगा।

भारतीय रेलवे का कार्गो का आरंभिक लदान 2023-24 में 1,590.63 मिलियन टन था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.2% की वृद्धि दर्शाता है। रेल द्वारा परिवहन किया जाने वाला आरंभिक कंटेनरीकृत कार्गो 2023-24 में 85.04 मिलियन टन था, जो 7% की वृद्धि दर्शाता है। देश के सभी बंदरगाहों पर संचालित किए जाने वाले कंटेनर 2023-24 में 21.00 मिलियन टीईयू थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.5% की वृद्धि दर्शाते हैं।

वैश्विक व्यापार में भारत का वर्तमान योगदान (निर्यात) 2% से भी कम है, जिससे विकास के लिए बहुत अधिक गुंजाइश है। अधिक संगठित लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मूल्य श्रृंखला में देश की भागीदारी बढ़ाना अब सरकार के लिए नीतिगत प्राथमिकता के रूप में उभरा है। प्रमुख उद्योग में निम्नलिखित तत्व शामिल हैं:

- **बुनियादी ढांचे का विकास:** 11 लाख करोड़ रू जो कि सकल घरेलू उत्पाद का 3.4% है, पूंजीगत व्यय के लिए आवंटित किए गए हैं, जिसमें से 2.55 लाख करोड़ रुपये रेलवे के लिए हैं। यह देश में एक विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम विकसित करने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है जो बढ़ते व्यापार का सहयोग कर सकता है। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) निर्बाध समन्वय के लिए प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में मदद करने वाला एक बड़ा प्रवर्तक है। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए भारतीय रेलवे की गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) नीति ने कार्गो टर्मिनल विकास में निजी निवेश को बढ़ावा दिया है।
- **सरकारी नीतियाँ:** वस्तु एवं सेवा कर के कार्यान्वयन ने कर संरचना को सरल बना दिया है, जिससे राज्य-विशिष्ट गोदामों की आवश्यकता समाप्त हो गई है। मेक इन इंडिया और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन)पीएलआई) योजना ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा दिया है, औद्योगिक स्थान और गोदामों की मांग में उल्लेखनीय निवेश आकर्षित किया है।
- **वैश्विक विनिर्माण बदलाव:** ग्लोबल सप्लाई चेन में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहा है, तथा कई कंपनियां भारत की ओर रुख करना चाहती हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, सेमी-कंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, आदि क्षेत्रों के लिए प्रमुख विनिर्माण स्थल के रूप में उभर रहा है।
- **ई-कॉमर्स का बढ़ना :** ई-कॉमर्स का तेजी से बढ़ना लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस में उछाल का प्राथमिक उत्प्रेरक रहा है। लास्ट माईल डिलीवरी, ईज ऑफ रिटर्न, और अन्य वैल्यू एडिट सर्विस के माध्यम से सुविधा की मांग करने वाले उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव आ रहा है। जैसे-जैसे अधिक उपभोक्ता ऑनलाइन शॉपिंग की ओर बढ़ रहे हैं, त्वरित डिलीवरी को सुगम करने के लिए उपभोग बिंदुओं के पास रणनीतिक रूप से स्थित वेयरहाउस और सप्लाई सेंटरों की बहुत आवश्यकता है।
- **तकनीकी वृद्धि :** आधुनिक तकनीक द्वारा प्रदान किए गए सॉल्यूशन, सभी वैल्यू चेन में व्यावसायिक अवसर पैदा कर रहे हैं। ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) को अपनाने से लॉजिस्टिक क्षेत्र को मानवीय त्रुटि को कम करने, समाधानों को अनुकूलित करने, वास्तविक समय में सेवाओं की निगरानी और प्रबंधन करने में मदद मिली है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि माल को अधिकतम दक्षता के साथ ले जाया, संग्रहीत और वितरित किया जाता है।

मैं आपको आश्वस्त करना चाहूंगा कि आपकी कंपनी पर्याप्त वृद्धि हासिल करने के लिए इन उभरते हुए अवसरों से लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

निष्पादन की मुख्य विशेषताएं:

चुनौतीपूर्ण वैश्विक कारोबारी माहौल की पृष्ठभूमि में, यह जानकर खुशी होती है कि टीम कॉनकॉर की लगन और कड़ी मेहनत से आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है। विभिन्न मापदंडों पर यह प्रभावशाली निष्पादन इस प्रकार है:

बिजनेस वॉल्यूम, टर्नओवर और लाभप्रदता

परिचालन के क्षेत्र में, आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान 4.7 मिलियन टीईयू का संचालन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.2% की अच्छी वृद्धि दर्ज करता है। इसने एक्जिम थ्रुपुट में 7.1% और आंतरिक थ्रुपुट में 12.3% की वृद्धि हासिल की। वित्तीय दृष्टि से, कंटेनर हैंडलिंग और परिवहन मात्रा में वृद्धि के साथ, आपकी कंपनी ने 9,010 करोड़ रुपये का सकल कारोबार किया जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 6.9% अधिक है। 2023-24 के लिए शुद्ध लाभ 1,231 करोड़ रुपये था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3% की वृद्धि दर्ज करता है, जो परिचालन दक्षता और लागत अनुकूलन पर हमारे जोर देने को दर्शाता है। किसी भी वित्तीय वर्ष में अब तक प्राप्त की गई कार्य-संचालन क्षमता, सकल कारोबार और शुद्ध लाभ सर्वाधिक रहें हैं।

पूंजीगत व्यय

उभरते कारोबारी अवसरों का लाभ उठाने और दीर्घकालिक सतत विकास हासिल करने के लिए, कंपनी अपने टर्मिनलों के विस्तार, वैगनों, कंटेनरों, हैंडलिंग उपकरणों के अधिग्रहण और आईटी बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ क्षमता वृद्धि की अपनी कार्यनीति पर दृढ़ता से काम कर रही है। इस वर्ष के दौरान 745 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया गया। इसके अलावा, दक्षता में सुधार, जोखिम को कम करने और नए रास्ते तलाशने के लिए अनुसंधान और विकास के महत्व को पहचानते हुए, स्वदेशी कंटेनरों के विकास, थोक सीमेंट की आवाजाही के लिए समाधान, बीएलसी वैगनों को बीएलसीएम वैगनों में संशोधित और उन्नत करने के लिए 71.4 करोड़ रुपये खर्च किए गए। वर्ष के दौरान जाजपुर, कड़ाकोला और पारादीप में तीन नए टर्मिनल विकसित किए गए।

नेट वर्थ, डिविडेंट और मार्केट कैपिटलाईजेशन

दिनांक 31.03.2024 को कंपनी की कुल संपत्ति 11,812 करोड़ रुपये थी और अब तक का सर्वाधिक बाजार पूंजीकरण दिनांक 04.06.2024 को 72,747 करोड़ रु था।

कंपनी ने हमेशा अपने शेयरधारकों को पुरस्कृत करने की नीति का पालन किया है और अब यह हर तिमाही में लाभांश का भुगतान कर रही है। वर्ष के दौरान, कुल 180% (9 रुपये प्रति शेयर) के तीन अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया और आपके अनुमोदन के लिए 50% (2.50 रुपये प्रति शेयर) का अंतिम लाभांश प्रस्तावित किया गया है। पिछले वर्ष के 670.22 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष कुल लाभांश 700.69 करोड़ रुपये है। यह लाभांश भुगतान कंपनी के नेटवर्थ का 5.93% और वर्ष के लिए शुद्ध लाभ का 56.93% है। कंपनी में आपके विश्वास के प्रमाण के रूप में, शेयरधारकों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ रही है जो वर्तमान में 3 लाख है जबकि यह पिछले वर्ष 1.49 लाख थी।

कार्यनीतियाँ और पहल:

आपकी कंपनी ने कंटेनर टर्मिनलों के सबसे बड़े उपलब्ध नेटवर्क के साथ अपनी अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है, जिसकी उपस्थिति लगभग सभी कंटेनर हैंडलिंग बंदरगाहों और प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में है। इसके पास रोलिंग स्टॉक, कंटेनर, हैंडलिंग उपकरण, कस्टम्स के साथ आईटी सक्षम संचालन और ग्राहक-इंटरफेस का एक बड़ा बेड़ा है, जो आपकी कंपनी को अपने ग्राहकों को कुशल और विश्वसनीय मूल्यवर्धित सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

आपकी कंपनी एक्जिम और डोमेस्टिक कंटेनर वॉल्यूम में संभावित वृद्धि से उत्पन्न होने वाले नए व्यावसायिक अवसरों, खासकर डीएफसी के पूर्ण कमीशनिंग का लाभ उठाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। आंतरिक और गेटवे पोर्ट के बीच डबल स्टैक मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए टर्मिनल क्षमता का उपयोग करने की पहल ने रेल कोइफिशिएंट में वृद्धि करने में मदद की है और इसकी सेवाओं को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया है। व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की गई हैं और कार्यनीतियां बनाई गई हैं। अपनाई जा रही कुछ कार्यनीतियां इस प्रकार हैं:

- रोड ब्रिजिंग सॉल्यूसन के साथ गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनलों की स्थापना।
- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) और प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यनीतिक।
- रेल द्वारा टैंक कंटेनर में भारी मात्रा में सीमेंट की आवाजाही के लिए दीर्घकालिक व्यवस्था करना।
- डबल स्टैक लॉन्ग हॉल ट्रेनों को बढ़ावा देना और रेल ट्रांसशिपमेंट हब का विकास करना।
- पीपीपी मॉडल के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अत्याधुनिक गोदामों का संचालन स्थापित करना।
- एलएनजी ट्रकों के बेड़े की तैनाती और सौर आधारित बुनियादी ढांचे की स्थापना के माध्यम से ग्रीन लॉजिस्टिक्स सॉल्यूसन को बढ़ावा देना।
- लाईट वेट और वॉल्यूमेट्रिक कार्गो को बुक करने हेतु रेलमार्ग से ट्रांसपोटेशन के लिए हेतु 12 फीट कंटेनरों का उपयोग करना।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करना तथा भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी) और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) से उत्पन्न होने वाले व्यावसायिक अवसरों पर काम करना।
- लागत को न्यूनतम करने और ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी का व्यापक और नवीन उपयोग।
- शिपिंग लाइनों और फ्रेट फारवर्डों के साथ साझेदारी में कोस्टल एवं शॉर्ट सर्विस इंड टू इंड तक सेवाएं प्रदान करना।

सहायक कंपनियां, संयुक्त उद्यम और गठबंधन:

आपकी कंपनी में चार सहायक कंपनियां, एक सहयोगी और दस संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनियां हैं। ये गठजोड़ समुद्री बंदरगाह परिचालन, लास्ट माईल कनेक्टिविटी, कंटेनर फ्रेट स्टेशन, एयर कार्गो और कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में हैं। ये साझेदारियां प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कॉनकॉर के निष्पादन में योगदान दे रही हैं।

कार्यनीतिक गठबंधन को मजबूत किया गया है, जिससे कंपनी को एक्जिम और डोमेस्टिक कारोबर में लॉजिस्टिक्स वैल्यू चेन के सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

कंपनी की दो सहायक कंपनियों अर्थात् सिडकुल कॉनकॉर इंफ्रा कंपनी लिमिटेड और पंजाब लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है और अब वे लाभ कमाने लगी हैं। नए एमएमएलपी, बंदरगाह, एसईजेड आदि स्थापित करने के लिए सरकार की प्रेरणा आपकी कंपनी को पारस्परिक लाभ की व्यवस्था के माध्यम से इसमें भागीदार बनने के लिए जबरदस्त अवसर प्रदान करती है।

मौजूदा संयुक्त उपक्रमों ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है, वहीं नए कार्यनितिक गठबंधनों की भी संभावना तलाशी जा रही है। वर्ष के दौरान, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (एलएनजी ईंधन के लिए), एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (सौर ऊर्जा के लिए), डीबी शेंकर (एक्जिम और डोमेस्टिक व्यापार के लिए) और सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (लॉजिस्टिक्स सॉल्यूसन के लिए) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

प्रौद्योगिकी और मानकीकरण:

कंपनी हमेशा अपने प्रतिस्पर्धियों से कहीं आगे रहकर सतत् प्रगति के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में सबसे आगे रहती है। कंपनी द्वारा प्रौद्योगिकी में सक्रिय निवेश ने अच्छा परिणाम दिया है। आपकी कंपनी के पास निम्नलिखित कार्यों को कवर करने वाली मजबूत प्रणाली है:

- परिचालन और वित्तीय कार्य प्रणाली द्वारा संचालित और एकीकृत हैं, ताकि सभी व्यावसायिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हों, वास्तविक समय के आधार पर रिकॉर्ड और रिपोर्ट की जा सके।
- वाणिज्यिक प्रणालियों पर दस्तावेजों की इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग को सभी एक्जिम टर्मिनलों तक विस्तारित किया गया।
- व्यवसाय निरंतरता प्रयास के रूप में, व्यवसाय-महत्वपूर्ण परिचालनों के लिए प्राथमिक स्थल पर आपदा रिकवरी स्थल और स्टैंड बाय प्रणालियों का प्रावधान स्थापित किया गया है।
- सभी कर्मचारी हितलाभों और सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी के लिए मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है और इसे वित्तीय प्रणालियों के साथ विधिवत एकीकृत किया गया है।
- डेडिकेटिड वेब सर्वर के माध्यम से ग्राहक इंटरफेस ग्राहक फीडबैक और शिकायतों पर सुधारात्मक कार्रवाई करने में मदद करता है।
- सार्वजनिक टैरिफ और कंटेनरों की ट्रैकिंग एवं पता लगाने के बारे में सूचना के प्रसार के लिए मोबाइल ऐप का उपयोग।
- एआई आधारित टर्मिनल प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन उत्पादकता, दक्षता और ग्राहक केंद्रित सेवाओं को बढ़ाने में योगदान दे रहा है। उपयोग की जा रही विभिन्न अन्य प्रणालियों में पेपरलेस ई-ऑफिस वातावरण, Know your container location (केवाईसीएल), ई-कॉन्ट्रैक्टर बिलिंग, ई-टेंडरिंग और फर्स्ट माइल लास्ट माइल (एफएमएलएम) ऐप आदि शामिल हैं।

मानव संसाधन प्रबंधन:

सुप्रसिद्ध लेखक रॉबिन शर्मा के कथन "**जितना बड़ा सपना होगा, उतनी ही महत्वपूर्ण टीम होगी।**" से मैं सहमत हूँ।

आपकी कंपनी एक प्रगतिशील संगठन है और यह टीम वर्क के चमत्कार में दृढ़ता से विश्वास करती है। यह सच है कि हम में से कोई भी इतना होशियार नहीं है है जितना कि हम हैं। इसलिए, आपकी कंपनी का जोर जीत के लिए सामूहिक क्षमताओं को हासिल करने पर है। कंपनी का व्यवसाय 1286 लोगों की प्रतिभाशाली टीम द्वारा पेशेवर रूप से चलाया जाता है।

कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद उनका सही स्थान निर्धारण और परिष्कार प्राथमिक कार्य है तथा व्यक्तिगत प्रदर्शन और संगठन के लक्ष्यों के बीच एक एकरूपता बनाकर रखा जाता है। कर्मचारियों के कौशल में सुधार के लिए आंतरिक और बाहरी कार्यक्रमों के माध्यम से उचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। पारिश्रमिक नीतियाँ डीपीई दिशा-निर्देशों के अनुरूप हैं और सामाजिक सुरक्षा उपायों में ग्रेच्युटी और भविष्य निधि के अलावा अनुकंपा रोजगार, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन और चिकित्सा लाभ शामिल हैं।

कर्मचारियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा एक प्राथमिकता है और कंपनी उनके लिए सुरक्षित कार्य-जीवन संतुलन के लिए प्रयास करती है। कार्यस्थल पर जिम और योग पाठ्यक्रम जैसी सुविधाएं प्रदान करके कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया जाता है। कंपनी उन्हें मैराथन, क्रिकेट और बैडमिंटन मैच और अन्य खेल आयोजनों जैसी खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित करती है।

हमारे युवाओं को कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों को कंपनी में 8-12 सप्ताह की इंटर्नशिप प्रदान की जा रही है।

अनुकूल कार्य वातावरण, सर्वोत्तम प्रक्रियाओं और पारिश्रमिक के साथ, नौकरी छोड़ने की दर 2% से भी कम है।

निगमित शासन प्रणाली:

आपकी कंपनी एक नवरत्न उपक्रम है जो अपनी सभी गतिविधियों में जवाबदेही, पारदर्शिता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के सर्वोत्तम सिद्धांतों का पालन करके कॉर्पोरेट प्रशासन के मानकों को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसने संगठन में सर्वोत्तम नीतियों, प्रक्रियाओं, संरचना और नैतिकता का ढांचा स्थापित किया है। कंपनी चीजों को सही तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध है जो नैतिक होने के साथ-साथ सभी लागू कानूनों का अनुपालन भी करती है। कंपनी द्वारा सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने और विभिन्न निष्पादन मानकों के अनुपालन के लिए, डीपीई ने कॉर्पोरेट प्रशासन पर आपकी कंपनी को उत्कृष्ट रेटिंग दी है

पुरस्कार और सम्मान :

आपकी कंपनी को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए हैं, इनमें से कुछ हैं:

- वर्ष 2023 की 'फॉच्यून इंडिया -500' की सूची में 249वां स्थान
- एक्जिम इंडिया द्वारा कॉनक्वेस्ट 2024 के 15वें सस्करण के दौरान 'इनलैंड कंटेनर डिपो और रेल ऑपरेटर ऑफ दी इयर (पब्लिक)' का पुरस्कार प्रदान किया गया।
- जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथारिटी (जेएनपीए) ने वित वर्ष 2022-23 में उच्च रेल संचालन हासिल करने पर उत्कृष्ट निष्पादल के लिए कंपनी को सम्मानित किया।
- गोल्डमैन सैच्च ने माननीय प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी मेक इन इंडिया कार्यक्रम के लिए कॉनकॉर को एक महत्वपूर्ण सक्षमकर्ता कंपनी के रूप में चुना है।

सामाजिक उत्तरदायित्व और सस्टेनेबिलिटी :

यहां मैं हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उद्धृत करना चाहूंगा जिन्होंने कहा था -

"स्वयं परिवर्तन बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं".

इस दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, आपकी कंपनी अपने व्यवसाय को सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार तरीके से चलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसने अपनी सीएसआर पहलों के तहत परियोजनाओं को लागू करने के लिए अच्छी तरह से संरचित नीति और प्रक्रियाएं बनाई हैं। यह इस दर्शन में विश्वास करता है कि - सभी हितधारकों की जरूरतों को संतुलित करके और समुदाय के वंचित वर्गों के उत्थान और कल्याण में योगदान देकर दीर्घकालिक सस्टेनेबल ग्रोथ विकास हासिल किया जा सकता है।

हमारे राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुस्तक 'कुरुक्षेत्र' की कुछ लाईनें पढ़ना चाहूंगा:

**"सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीरण,
बाधा रहित विकास, मुक्त आशंकाओ से जीवन ।"**

इन सिद्धांतों के साथ वर्ष के दौरान सीएसआर पहल समाज के समग्र विकास पर केंद्रित रही, जिसमें डीपीई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य और पोषण गतिविधियों पर जोर दिया गया। इसके अलावा, कंपनी की सीएसआर गतिविधियां शिक्षा, कौशल विकास, पर्यावरण स्थिरता, खेल, बुनियादी ढांचा विकास आदि के क्षेत्रों में भी की जाती हैं। इन पहलों के माध्यम से, आपकी कंपनी ने देश में बड़ी संख्या में हितधारकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है और इसके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई है।

2023-24 के दौरान सीएसआर पर 17.31 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य शामिल हैं:

- स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कॉनकॉर द्वारा कई गतिविधियाँ आकाक्षात्मक जिलों में जैसे कंधमाल (ओडिशा), श्रावस्ती और चंदौली (उत्तर प्रदेश), आसिफाबाद (तेलंगाना) और विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में संचालित की गईं।
- कॉनकॉर सुविधाओं के प्रमुख स्थानों पर 115 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिससे लगभग 50,000 हितधारकों को लाभ हुआ।
- दिल्ली में 'भिक्षा नहीं शिक्षा' अभियान के तहत भिक्षावृत्ति में लिप्त 300 बच्चों और युवतियों को सहायता प्रदान की गई।
- महाराष्ट्र के जालना जिले के 23 ग्रामीण विद्यालयों में सुधार और उन्नयन, उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में विद्यालय में कक्षाओं का निर्माण तथा उत्तर प्रदेश के वाराणसी में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण।
- उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में वंचित वर्ग के छात्रों की शिक्षा को सहयोग दिया गया, जिससे 1,200 छात्र लाभान्वित हुए।
- आत्मनिर्भर भारत मिशन को बढ़ावा देने के लिए, तमिलनाडु के तूतीकोरिन में बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट, वित्त और लेखांकन के क्षेत्र में 100 छात्रों के कौशल विकास में सहयोग किया गया।
- तुगलकाबाद, नई दिल्ली में टेलरिंग और मेकअप आर्टिस्ट के क्षेत्र में 240 महिलाओं/लड़कियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- उत्तर प्रदेश के बाराबंकी और लखनऊ जिलों में 350 सौर लाइटें स्थापित की गई।
- दिल्ली और बिहार के भोजपुर में खेलकूद हेतु ढाचागत विकास।

जैसा कि आप जानते हैं, एमएसएमई भारत के सकल घरेलू उत्पाद और समग्र आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता हैं। वे रोजगार का एक प्रमुख स्रोत हैं और देश के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के पीछे एक प्रेरक शक्ति हैं। स्थानीय समुदायों में उनकी गहरी पकड़ को मानते हुए जमीनी स्तर पर आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा दिया गया। आपकी कंपनी एमएसएमई के विकास के लिए लगातार काम रही है। इस दिशा में, वर्ष के दौरान कुल इनपुट सामग्री का 46.45% सीधे ऐसे उत्पादकों से प्राप्त किया गया था।

अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, कंपनी ने शुरुआत में विकासात्मक ऑर्डर देकर नेतृत्व किया और देश में कंटेनर निर्माण के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाया। बाद में घरेलू निर्माताओं को नियमित ऑर्डर दिए गए, जो अब कंटेनर की आपूर्ति कर रहे हैं।

पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए कंपनी ने एफएमएलएम सेवाएं प्रदान करने के लिए 100 ट्रकों का एलएनजी बेड़ा शुरू किया है। इसके अलावा, इस बेडे के निष्पादन और पर्यावरण में इसके योगदान को देखते हुए कंपनी 200 और ऐसे एलएनजी ट्रकों की खरीद के लिए ऑर्डर देने की प्रक्रिया में है।

अवसर :

भारत को एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 60 साल लगे और दो ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर और जोड़ने में 12 साल लगे। ऐसे समय में जब अधिकांश अर्थव्यवस्थाएँ मंदी का सामना कर रही हैं, भारत का विश्व अर्थव्यवस्था में पाँचवाँ स्थान प्राप्त करना उल्लेखनीय है। आईएमएफ के पूर्वानुमान के अनुसार, 2027 तक भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ।

कंपनी हमारे देश की दीर्घकालिक सतत आर्थिक प्रगति के बारे में पूरी तरह आश्वस्त है, जो लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए उज्ज्वल संभावनाएं प्रस्तुत करती है। लॉजिस्टिक ही व्यापार और वाणिज्य की रीढ़ है।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की प्रसिद्ध पुस्तक **'द विंग्स ऑफ फायर'** में एक उद्धरण है, "जीवन में सफल होने और परिणाम प्राप्त करने के लिए, आपको तीन शक्तिशाली शक्तियों को समझना और उन पर काबू पाना होगा - इच्छा, विश्वास और अपेक्षाएं."

कंपनी का लक्ष्य न केवल लाभ के संदर्भ में समग्र विकास करना है, बल्कि समाज और पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव लाना और सभी हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य का सृजन करना है।

मुझे यकीन है कि रेलमार्ग और सड़कमार्ग के बुनियादी ढांचे का विस्तार, डीएफसी का पूर्ण कमीशन, ई-कॉमर्स का तेजी से विकास, मौजूदा समुद्री बंदरगाहों पर बुनियादी ढांचे का विस्तार, कोलाचल (तमिलनाडु), सागर (पश्चिम बंगाल), दुगाराजपट्टनम, (आंध्र प्रदेश) और वधावन, (महाराष्ट्र) में मेगा बंदरगाह स्थापित करने का प्रस्ताव है। मेक इन इंडिया को बढ़ावा, बढ़ती व्यापार खपत, 19 देशों के साथ रुपये में द्विपक्षीय व्यापार की शुरुआत आदि से लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में पर्याप्त विकास के नए रास्ते खुलेंगे। इसके लिए आपकी कंपनी भविष्य के लिए तैयार है। कंपनी 66 टर्मिनलों, 16,997 वैगनों, 44,492 कंटेनरों, 108 आरएसटी आदि की अपनी मजबूत क्षमताओं के साथ उद्योग में अपनी नेतृत्व की स्थिति बनाए हुए है। आपकी कंपनी आज अपने आदर्श वाक्य **थिंक लॉजिस्टिक्स, थिंक कॉनकॉर** के साथ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक लीडर के रूप में देश की प्रगति में भागीदार बनने के लिए अच्छी स्थिति में और प्रतिबद्ध है।

मैं इस प्रसिद्ध कहावत पर दृढ़ता से विश्वास करता हूँ कि :

अपने भविष्य की भविष्यवाणी करने का सबसे बेहतर तरीका है उसे बनाना।

हमारा मिशन कॉनकॉर को उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली कंपनी बनाना और ग्राहकों को उत्तरदायी, लागत प्रभावी, कुशल और विश्वसनीय लॉजिस्टिक समाधान प्रदान करना और उनकी पहली पसंद बने रहना है। आपकी कंपनी अपने मिशन से प्रेरणा लेती है ताकि इसे प्रतिष्ठित, प्रतिस्पर्धी और बदलाव की चैंपियन संस्था बनाया जा सके।

आपकी कंपनी को उभरता हुआ क्षेत्र होने का सौभाग्य प्राप्त है, जो विकास के मोड़ पर है। अवसरों की प्रचुरता, मजबूत बैलेंस शीट, अनुकूल कारोबारी माहौल और कुशल टीम के साथ, मैं आपकी कंपनी के लिए बहुत उज्ज्वल भविष्य देखता हूँ।

आभार:

अपना संबोधन पूर्ण करने से पहले, मैं अपने साथी बोर्ड सदस्यों को उनके बहुमूल्य इनपुट और मार्गदर्शन के लिए अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करता हूँ। मैं, रेल मंत्रालय, जहाजरानी, वाणिज्य और उद्योग, वित्त और अन्य मंत्रालयों, सीमा शुल्क विभागों, विभिन्न राज्य सरकारों, निवेशकों, संयुक्त उद्यम भागीदारों, मूल्य श्रृंखला भागीदारों, ग्राहकों और नियामकों को धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिनकी प्रेरणा और समर्थन से कंपनी फल-फूल रही है।

मैं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक तथा हमारे लेखा परीक्षकों के मार्गदर्शन तथा बहुमूल्य सहयोग की सराहना करता हूँ। मैं रचनात्मक कवरेज प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया को भी धन्यवाद देता हूँ।

मैं कॉनकॉर टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना और हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूँ तथा उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के साथ, आपकी कंपनी नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

मेरे प्यारे शेयरधारकों, आप द्वारा प्रबंधन पर दिखाए गए विश्वास और भरोसे के लिए आपको विशेष धन्यवाद देता हूँ। मैं भविष्य में भी आपके बहुमूल्य सहयोग की आशा करता हूँ। ईश्वर आप सभी और हमारे प्यारे देश पर अपनी कृपा बनाएं रखें।

जय हिंद, जय भारत!

25 सितंबर, 2024
नई दिल्ली

संजय स्वरूप
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

नोट: यह कंपनी की 36वीं वार्षिक सामान्य बैठक की कार्यवाही का रिकार्ड होने का दावा नहीं करता है।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
(सीआईएन: L63011DL1988GOI030915)

पंजीकृत कार्यालय: कॉनकॉर भवन, सी–3, मथुरा रोड, अपोलो अस्पताल के सामने, नई दिल्ली–110076
कॉर्पोरेट कार्यालय: कॉनकॉर एनेक्सी, तीसरी मंजिल, एनएसआईसी एमडीबीपी बिल्डिंग, ओखला फेज–III, दिल्ली–110020
ईमेल: investorrelations@concorindia.com वेबसाइट: www.concorindia.co.in फोन: 011-41222500/600/700

हमें फॉलो करें
@OfficialCONCOR
@concor_india
co.pro@concorindia.com